उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 112/03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/02-परीक्षा/2026

लखनऊ : दिनांक : 25 जून, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2026, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (संयुक्त संवर्ग) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/03 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियंत्रणाधीन विभिन्न अर्हता के अवशेष कुल रिक्त 93 पदों हेतु मुख्य परीक्षा दिनांक 29-06-2026 को अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक जनपद-लखनऊ में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-108/03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/02-परीक्षा/2026, दिनांक 22-06-2026 द्वारा परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया था।

तदनुक्रम में सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन की मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर जारी कर दिये गये हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश पत्र सम्बन्धी लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने प्रवेश पत्र दिनांक 25-06-2026 से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रवेश पत्र डाउनलोड करने सम्बन्धी यह सुविधा आयोग के अधिकृत मोबाइल एप पर भी उपलब्ध है।

अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि एवं समय पर वैध प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। **मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को वैध प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है।**

महत्वपूर्ण नोट- मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

25/06/2026
(परीक्षा नियंत्रक)
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।